प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में आरटीआई पर व्याख्यान आयोजित

पंतनगर। 9 नवम्बर 2024। विश्वविद्यालय में निदेशक प्रशासन अनुश्रवण के द्वारा कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय सभागार में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के संबंध में व्याख्यान एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्री योगेश भट्ट, राज्य सूचना आयुक्त उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचलान डा. प्रकाश भट्ट, समन्वयक सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न अपीलीय अधिकारी एवं लोक सूचना अधिकारी उपस्थित थे।

श्री योगेश भट्ट ने सूचना का अधिकार अधिनियम से संबंधित व्याख्यान दिया एवं अपीलीय अधिकारियों एवं लोक सूचना अधिकरियों द्वारा पुछे गये प्रश्नों का भी उत्तर देकर समस्याओं का समाधान किया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी एवं निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण श्री बी.एस. चलाल ने लोक सूचना अधिकार अधिनियम का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अन्त में डा. प्रकाश भटट द्वारा सभी को धन्यवाद दिया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते राज्य सूचना आयुक्त श्री योगेश भट्ट।

निदेशक संचार